वी.यू. अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर 8 जुलाई 2022 को 75 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी स्वयं के मार्गदर्शन व नेतृत्व में महोत्सव के रूप में मनाने जा रहे हैं। यह प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम 8 जुलाई 2022 से आरंभ हो 8 जुलाई 2023 तक चलेगा जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे वर्ष भर किया जाएगा। जिसकी तैयारी जोर शोर से कई माह पहले से ही की जा रही है, कुलपति महोदय ने बैठकों तथा दिए गए कार्यों की समीक्षा स्वयं कर इस संपूर्ण कार्यक्रम को अपनी टीम के साथ एक साकार रूप देने जा रहे हैं। 8 जुलाई 2022 को देश तथा विदेश से कॉलेज के एलुमनाई के वर्ष 1972 से लेकर आज दिनांक तक के सदस्य पधार रहे है साथ ही डॉ. नितिश भारद्वाज, पूर्व सांसद/अभिनेता, कलेक्टर डॉ. इल्याराजा, शहर के प्रबुद्ध गण व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उक्त कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के मुख्य आतिथ्य तथा अखिलेश्वर आनंद, माननीय डॉ अजय विश्नोई, श्री जे,एन. कंसोटिया जी विशिष्ट अतिथि की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। 8 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्री श्री 1008 विद्यासागर जी के शुभाशीष प्राप्त हुआ है, उक्त कार्यक्रम को मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा सपोर्ट किया जा रहा है। वर्ष 98 का बैच अपना पुनर्मिलन समारोह करने जा रहे हैं जिस दौरान यू.एस. ए. से सोनल नेमा, भोपाल से डॉ. मेघा पांडे, डॉक्टर मनीष पांडे, इंदौर से डॉक्टर पुरुषोत्तम जयसवाल, नेपाल से डॉ. नम्रता सिंह, डॉक्टर आलोक तथा समस्त बेच के छात्र–छात्राएं शिरकत करेंगे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर